भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2063

सोमवार, 14 मार्च, 2022/23 फाल्गुन, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास

2063. श्री सुदर्शन भगतः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने चिकित्सा पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत के संवर्धन के लिए अनेक कदम उठाए हैं जो निम्नानुसार हैं:-

(i) चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत के संवर्धन के लिए एक सुदृढ़ कार्यढाँचा तैयार और केन्द्र सरकार के मंत्रालयों, राज्य सरकारों तथा निजी क्षेत्र के मध्य तालमेल बनाने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने चिकित्सा और निरोगता पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति तथा रोडमैप तैयार किया है। यह कार्यनीतिक दस्तावेज निम्नलिखित प्रमुख स्तंभों पर फोकस करता है:-

(क) ग्रामीण पर्यटन हेतु आदर्श नीतियाँ तथा सर्वोत्कृष्ट कार्यपद्धतियाँ

(ख) ग्रामीण पर्यटन हेतु डिजिटल प्रौद्योगिकियाँ तथा प्लेटफॉर्म

(ग) ग्रामीण पर्यटन हेतु क्लस्टरों का विकास

(घ) ग्रामीण पर्यटन हेतु विपणन सहायता

(ङ) हितधारकों का क्षमता निर्माण

(च) शासन एवं संस्थागत कार्यढाँचा

(ii) चिकित्सा पर्यटन के संवर्धन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक विशिष्ट संस्थागत कार्यढाँचा प्रदान करने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने माननीय मंत्री (पर्यटन) की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन बोर्ड का गठन किया है।

(iii) देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के लिए चल रहे अपने कार्यकलापों के एक भाग के रूप में पर्यटन मंत्रालय 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के तहत विदेशों में स्थित महत्वपूर्ण एवं सम्भावित बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। चिकित्सा पर्यटन की थीम सहित विभिन्न थीमों पर मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से नियमित रूप से डिजिटल संवर्धन का कार्य किया जाता है।

(iv) चिकित्सा वीजा की शुरूआत की गई है जो चिकित्सा हेतु भारत आने वाले विदेशी यात्रियों को विशेष प्रयोजन के लिए दिया जा सकता है। 156 देशों के लिए 'ई-चिकित्सा वीजा' और 'ई-चिकित्सा सहयोगी वीजा' की शुरूआत भी की गई है।

(v) पर्यटन मंत्रालय नेशनल एक्रेडेशन बोर्ड फोर हॉस्टपिटल एण्ड हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) द्वारा मान्यताप्राप्त चिकित्सा पर्यटन सेवाप्रदाताओं को चिकित्सा/पर्यटन मेलों, चिकित्सा सम्मेलनों, निरोगता सम्मेलनों, निरोगता मेलों तथा संबद्ध रोड शोज़ में भागीदारी के लिए बाजार विकास सहायता योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

****